Rajasthan Patrika

EDII

March 11, 2022
Pg.4

यूपी, छत्तीसगढ़ विवि के प्रोफेसरों ने सीखे उद्यमिता के गुर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने इनोवेशन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उत्तरप्रदेश व छत्तीसगढ़ के पांच विश्वविद्यालयों के 24 प्राध्यापकों को पांच दिनों का प्रशिक्षण दिया।

उन्हें उद्यमिता की संभावनाएं, केंद्र व राज्य सरकार की वित्तीय सहायता योजनाएं, नए कोर्स बनाने, छात्रों के आईडिया को स्टार्टअप के लिए चयनित करना, इन्क्यूबेशन व प्री-इन्क्यूबेशन की प्रणाली तथा संस्थान में उद्यमिता वातावरण विकसित करने के गुर सिखाए गए।